विनियम क्रमांक 23

श्री सूरजदीन हरभूखन पंसारी स्मृति स्वर्णपदक

दानदाता : मेसर्स सूरजदीन हरभूखन पंसारी, फोर्ट रोड, रीवा (म.प्र.)

धनराशि (इन्डाउमेण्ट)

रुपये 5000.00 ड्राफ्ट क्रमांक 533181 दिनांक 30.7.93

विश्वविद्यालयीन रसीद क्रमांक 1759/14 दिनांक 11.8.93

एवं रुपये 500.00 ड्राफ्ट क्रमांक 533182 दिनांक 30.7.93

विश्वविद्यालयीन रसीद क्रमांक 1759/15 दिनांक 11.8.93

1. यह पदक श्री सूरजदीन हरभूखन पंसारी स्मृति स्वर्णपदक कहलायेगा और स्वर्ण पदक के एक ओर यह उत्कीर्ण होगा।

2. स्वर्ण पदक प्रति वर्ष आयुर्वेद संकाय की बी.ए.एम.ए. (आयुर्वेदाचार्य) अंतिम परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होने के साथ ही उक्त परीक्षा के चरक संहिता विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को दिया जावेगा। यह स्वर्ण पदक वर्ष 1993 की परीक्षा से दिया जावेगा।

3. यह स्वर्ण पदक प्रति वर्ष दीक्षान्त समारोह में अथवा स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह में प्रदान किया जावेगा, तथा उसकी सूचना दानदाता को दी जावेगी।

4. दानदाता द्वारा जमा की गई राशि विश्वविद्यालय द्वारा सावधि खाते में रखी जावेगी तथा उसकी ब्याज की राशि से प्रति वर्ष स्वर्ण पदक प्रदान किया जावेगा।